इरेडा की पहली तिमाही का परिणाम: पीबीटी 72% बढ़कर ₹ 340 करोड़ हुआ, शुद्ध एनपीए 4.77% से घटकर 2.92% हुआ

नई दिल्ली, 10 अगस्त, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम एन आर ई) के अधीन एक सार्वजनिक प्रतिष्ठान है , ने आज 30 जून, 2022 को समाप्त पहली तिमाही के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने कर पूर्व लाभ (पीबीटी) ₹ 339.86 करोड़ रुपए अर्जित किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान ₹197.20 करोड़ की तुलना में 72% अधिक है। इरेडा की शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) वित्तीय वर्ष 2022-23 पहली तिमाही में 2.92% तक कम कर दी गई है, जोकि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 4.77% थी , इस प्रकार वर्ष अवधि के दौरान 39% कि महत्वपूर्ण कमी है ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 पहली तिमाही की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- **कर पूर्व लाभ :** ₹197.91 करोड़ की तुलना में ₹339.86 करोड़ (71.72% तक की वृद्धि)
- **कर पश्चात लाभ :** ₹189.63 करोड़ की तुलना में ₹225.96 करोड़(19.16% तक की वृद्धि)
- **सकल आय :** ₹702.17 करोड़ की तुलना में ₹786.19 करोड़ (11.96% तक की वृद्धि)
- **नेट वर्थ :** ₹3,163.42 करोड़ की तुलना में ₹5,513.92 करोड़   (74.30% तक की वृद्धि)
- **लोन बुक :** ₹26,673.38 करोड़ की तुलना में ₹32,679.32 करोड़ (22.52% तक की वृद्धि)
- **ऋण संवितरण :** ₹665 करोड़ की तुलना में ₹852.47 करोड़(28.19% तक की वृद्धि)
- **नेट एनपीए :** 4.77% की तुलना में 2.92% (38.78% की कमी)
- **सकल एनपीए :** 8.11% की तुलना में 5.33% (34.28% की कमी)

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने इस पर प्रकाश डाला कि "इरेडा ने न केवल 339.86 करोड़ की अपनी सबसे अधिक तिमाही पीबीटी हासिल की है, बल्कि सकल और शुद्ध एनपीए में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है, जो कि किसी भी एनबीएफसी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।"

इरेडा के सीएमडी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह इरेडा टीम के योगदान के बिना संभव नहीं होता। उन्होंने सभी कर्मचारियों को उनकी लगातार कड़ी मेहनत और सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर के सिंह और माननीय राज्य मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, रसायन और उर्वरक मंत्रालय , श्री भगवंत खुबा को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया। श्री दास ने सचिव और अन्य अधिकारीगण एमएनआरई,निदेशक मंडल से कंपनी को प्राप्त निरंतर समर्थन के लिए भी अपना आभार व्यक्त किया।

*****